
# पर्यावरण संतुलन में पशु-पक्षियों की भूमिका भी अहम्:पांडे



भोपाल (काप्र)।

**इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय एवं भोपाल बड्र्स संस्था के संयुक्त तत्वाधान में पक्षी दर्शन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य संग्रहालय परिसर में पाई जाने वाली पक्षी प्रजातियों को चिन्हित करना था। इस शिविर में 40 पक्षी प्रेमियों ने भाग लिया जिनमे बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम का शुभारम्भ निदेशक, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय डॉ. अमिताभ पांडे द्वारा किया गया। डॉ पांडे ने संग्रहलाय परिसर में पाए जाने वाले पक्षी एवं अन्य जैवविविधिता की जानकारी उपस्थित प्रतिभागियों को दी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को संतुलित रखने में पेड़-पौधों के साथ ही पशु-पक्षियों की भूमिका भी अहम है। लेकिन मनुष्य के अत्यधिक हस्तक्षेप के चलते इन सबकी संख्या कम होती जा रही है। यदि हम जल्द नहीं चेते तो स्थिति भयावह हो सकती है। कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से जहां पक्षियों की संख्या कम होती जा रही हैं, वहीं कुछ प्रजातियां तो विलुप्ति के कगार पर पहुंच चुकी हैं।





भोपाल पक्षी संरक्षण सोसायटी के मो.खालिक एवं डॉ. संगीता राजगीर ने शिविर के दौरान पक्षी प्रेमियों को संग्रहालय में विचरण कर रहे पर्पल सनबर्ड, रूफस ट्रीपाई, लैसर गोल्डेनबैक , लैसर वाइट थ्रोट, चिफचैफ, ग्रीन बीइटर, ग्रे हार्नबिल, इंडियन रोबिन, गोल्डन ओरियल, कॉपरस्मिथ बारबेट, प्लम हेडेड पैराकीट, ग्रे फ्रैंकोलिन आदि पक्षियों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संग्रहालय के सुबह के समय घुमने वाले सदस्य के साथ ही डॉ. विपिन धोटे (व्ही एन एस नेचर सेवियर) एवं डॉ. नरेंद्र कुमार मेश्राम आदि उपस्थित रहे।

# हमीदिया से फरार हत्या के प्रयास का कैदी विदिशा रोड से धराया

भोपाल(काप्र)।



**राजधानी के हमीदिया हॉस्पिटल से फरार कैदी को पुलिस ने देर रात गिरफ्तार कर लिया। कैदी नदीम हत्या के प्रयास के मामले में सेंट्रल जेल में सात साल की सजा काट रहा है। उसे इलाज के लिये हमीदिया अस्पताल लाया गया था, जहॉ से वह हाथ से हथकड़ी सरकार फरार हो गया था।**

बोगदा पुल फायर स्टेशन के पास रहने वाला जहांगीराबाद थाने का निगरानी बदमाश नदीम खान हत्या के प्रयास के मामले में सैट्रंल जेल में सात साल की सजा काट रहा था। उसके खिलाफ मारपीट, लूट, डकैती सहित करीब 17 मामले दर्ज है। आपसी रंजिश के चलते उसने अपने साथी दानिश जफर के साथ तलैया थाने के निगरानी बदमाश हमजा बम पर कातिलाना हमला किया था। इस मामले में कोर्ट ने उसे दोषी करार देते हुए इसी साल 27 अक्टूबर को 7 साल की सजा से दण्डित किये जाने के आदेश दिये थे। उसने जेल प्रंबधन को बताया कि उसके हाथ का पूर्व में ऑपरेशन हुआ था, और रॉड डली हुई है। नदीम ने रात भर से उसी हाथ में दर्द होने की बात बताई थी। जेल के डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसका एक्स-रे कराने की सलाह दी। इसके बाद शनिवार दोपहर 12 बजे उसे जेल प्रहरी दीपेश इंगले के साथ हमीदिया अस्पताल भेजा गया था। अस्पताल में एक्स-रे कराने के दौरान ही नदीम जेल प्रहरी को चकमा देकर अपने हाथ से हथकड़ी सरकाकर भाग गया। मामले की सूचना कोहेफिजा पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने सरगर्मी से उसकी तलाश शुरु की। टीम में शामिल जेल प्रहरी दिनेश दांगी, विनय बघेल, अजय पाठक और राम मनोहर भारद्वाज ने लगातार कोशिशो और मुखबिर से मिली सूचना पर आखिरकार रात साढ़े नौ बजे फरार कैदी को विदिशा रोड भानपुर ढाबे के पास दबोच लिया। बताया गया है कि पुलिस से बचने के लिये भागते समय गिरने से उसके पैर में फैक्चर हो गया है।

# 15 जनवरी तक ऑफलाइन किए जाएंगे निकाय संबंधी कार्य

## नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस बारे में जारी किया निर्देश

भोपाल (काप्र)।

**साइबर हमले के बाद 21 दिसंबर से बंद ई-नगरपालिका 1.0 सर्वर को पुनः सक्रिय होने तथा समस्त सेवाओं के सुचारू रूप से आनलाइन क्रियान्वयन में अभी समय लगने की संभावना है।**

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर 15 जनवरी तक निकाय संबंधी कार्य आफलाइन किए जाने की व्यवस्था की है। उप सचिव हर्षल पंचोली ने आदेश में कहा है कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए 31 दिसंबर के पूर्व करों के भुगतान आफलाइन माध्यम से करने की छूट, अधिभार की कार्यवाही को अस्थाई रूप से 15 जनवरी 2024 तक बढ़ाने तथा वेतन भत्ते, स्थापना व्यय, विद्युत-डीजल भुगतान, अन्य महत्वपूर्ण भुगतान, तकनीकी स्वीकृति, वित्तीय/ प्रशासनिक स्वीकृति आदि कार्यों का संचालन आफलाइन माध्यम से करने की स्वीकृति दी गई है।

### 412 निकायों में ऑनलाइन सेवा प्रभावित

हालांकि, यह स्वीकृति इस शर्त पर प्रदान की गई है कि समस्त निकाय पोर्टल के पुन- सक्रिय होने के बाद भुगतान संबंधी रिकार्ड पोर्टल पर दर्ज करेंगे। अनियमित भुगतान की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। बता दें 24 दिसंबर को प्रदेश के नगरीय निकायों में प्रापर्टी टैक्स, मेरिज सर्टिफिकेट, वाटर कनेक्शन, बिल भुगतान तथा ट्रेड लाइसेंस सहित जो अन्य सेवा देने वाले ई-नगर पालिका साफ्टवेयर पर साइबर अटैक हुआ था।साइबर अटैक के कारण नगरीय विकास एवं आवास विभाग के सभी सर्वरों तथा अन्य नेटवर्क को बंद कर दिया गया है। इससे भोपाल नगर निगम को छोड़कर 412 निकायों में आनलाइन सेवा प्रभावित हुई है।

# सैफिया कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सैयद नासिर अली के निधन से शोक

**भोपाल ( काप्र )।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले और सैफिया साइंस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. सैयद नासिर अली का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन से शहर के शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। मरहूम सैयद नासिर कई भाषाओ के जानकार थे, और शिक्षा के क्षेत्र में उनका खासा योगदान रहा है। प्रो. शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को लेकर उन्हें अनेक सम्मानों से नवाजा गया था। उनसे पढ़े छात्र जहॉ देश के कई शहरों में अच्छे पदों पर काम कर रहे है, वहीं कई छात्र शिक्षा के क्षेत्र में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके परिवार में दो पुत्रियां हैं। नासिर अली बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे। रविवार देर शाम को उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। उनके जनाजे में शिक्षा, सामाजिक सहित सभी धर्मो व संगठन के लोगो ने शामिल होकर दुख व्यक्त करते हुए उनके निधन को शिक्षा जगत के लिये अपूर्णीय क्षति बताया है।



# फेरी कान्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



भोपाल (काप्र)।

महापौर श्रीमती मालती राय के मुख्य आतिथ्य में फेरी कान्वेंट स्कूल का वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ। स्थानीय रविन्द्र भवन में आयोजित वार्षिकोत्सव का महापौर ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया एवं बच्चों द्वारा दी गई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति का भी आनन्द लिया और विद्यार्थियों की प्रतिभा को सराहा। महापौर ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूल के संचालक, अध्यापक, अभिभावक, विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# कलियासोत नदी के किनारे से समय सीमा में नहीं हटा अतिक्रमण

**भोपाल ( काप्र )। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ( एनजीटी ) ने कलियासोत नदी की चौड़ाई छोड़ कर दोनों किनारे से 33 मीटर के दायरे में अनधिकृत रूप से मकान बनाने वालों पर कार्रवाई करने के आदेश जारी किए हैं। यह कार्रवाई जिला प्रशासन और नगर निगम को करना है।**

सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन और निजी जमीन पर अनाधिकृत निर्माण के खिलाफ नगर निगम को कार्रवाई करना है। नगर निगम की तरफ से सागर प्रीमियम टॉवर, अल्टीमेट कैंपस, भूमिका रेसीडेंसी, सिग्नेचर, सर्वधर्म, मंदाकिनी कॉलोनी, शिर्डी पूरम, अमरनाथ कॉलोनी में नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। बता दें 36 किमी कलियासोत नदी के शहर में स्थित इलाके में कॉलोनाइजर ने बड़े कंस्ट्रक्शन करके आम जनता को बेच दिए। अब यह अवैध चिन्हांकन और सीमांकन में आ गए हैं।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में यह केस 2014 से चल रहा है। एनजीटी ने अगस्त 2023 में दो माह में नदी के दोनों किनारे से 33 मीटर के दायरे में चिन्हांकन और सीमांकन करने के आदेश दिए थे। इसके बाद 31 अगस्त तक इस दायरे में आने वाले अवैध अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण को तोड़ने को कहा था। आदेश पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट 15 जनवरी को पेश करने के निर्देश दिए हैं।

**अवैध और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेंगे :** कोलार एसडीएम आशुतोष गोस्वामी ने बताया कि चिन्हांकन और सीमांकन का काम पूरा हो गया है। अब रिपोर्ट को एकजगह एकत्रित किया जा रहा है। दो जनवरी तक यह काम पूरा हो जाएगा। नगर निगम ने नोटिस देना शुरू कर दिया है। 15 जनवरी तक एनजीटी में रिपोर्ट पेश करना है। अब हम अवैध और अनधिकृत अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू करेंगे। नदी के किनारे 33 मीटर के दायरे में आने वाले निर्माण को तोड़ने के नोटिस जारी किए हैं। अब इस पर हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने मानवीय आधार पर कार्रवाई नहीं करने की मांग की है। उन्होंने मानवीय आधार पर आदेश पर पुनर्विचार करने को कहा है। उन्होंने अनाधिकृत निर्माण के दायरे में आने वाली कॉलोनियों का जिक्र कर लिखा है कि यहां लोगों ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी खर्च कर मकान खरीदी है। इनको तोड़ने के नोटिस पर पुनर्विचार किया जाए।

नए साल में मिलेंगी नई सुविधाएं

# अस्पताल में अब मरीजों के साथ परिजनों को भी मिलेगा खाना

भोपाल (काप्र)।

**साल 2023 की विदाई और नए साल के स्वागत के लिए तैयार है। 1 जनवरी 2024 से न केवल कैलेंडर बदलेगा, बल्कि बहुत कुछ बदलाव होंगे, जिसका असर हमारी और आपकी जिंदगी पर पड़ेगा।**

संपत्तिकर में एक जनवरी 2024 से तीन प्रतिशत सरचार्ज लग जाएगा। नगर निगम ऐसे में करदाताओं से 31 दिसंबर तक भुगतान करने का आह्वान कर रहा है। नगर निगम अधिकतम वसूली के लिए अब 31 दिसंबर तक अवकाश के दिनों में भी खुला रखेगा। यानि शनिवार-रविवार को भी सभी जोन, वार्ड कार्यालयों एवं नागरिक सुविधा केन्द्रों के कर वसूली काउंटर्स खुले रहेंगे। किसी भी वार्ड से टैक्स जमा करने की सुविधा भी रहेगी। ऑनलाइन भी टैक्स का भुगतान किया जा सकता है।

**जेपी में मरीजों के साथ परिजनों को भी भोजन :** एक जनवरी से जेपी अस्पताल की कैंटीन को आउट सोर्स किया जा रहा है। यहां मरीजों के लिए भोजन की व्यवस्था होती थी। अब कैंटीन का संचालन करने वाली कंपनी अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ उनके परिजनों के लिए भी भोजन की व्यवस्था करेगी। मरीजों के लिए यह सुविधा पहले की तरह मुफ्त होगी लेकिन परिजनों को भोजन के लिए तय शुल्क का भुगतान करना होगा। सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि इससे परिजनों से लाभ होगा। उन्हें भोजन के लिए भटकना नहीं होगा। साथ ही गुणवक्ता पूर्ण भोजन मिलेगा।

### समग्र आईडी के लिए आधार ई-केवायसी अनिवार्य

**भोपाल ( काप्र )।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजना में संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी।

# शीतकालीन अवकाशः सरकारी स्कूलों में इस सप्ताह छुट्टी का माहौल

**भोपाल ( काप्र )। सरकारी स्कूलों में पहली से 12वीं तक की कक्षाओं में अगले 4 दिन तक छुट्टियां रहेंगी। इस बार शीतकालीन अवकाश 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक घोषित किया गया है, साथ ही 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के छात्रों के परीक्षा आवेदन में गलती सुधार के लिए दो दिन का समय और बढ़ा दिया गया है।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की ओर से बोर्ड परीक्षाओं के आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया गया था, लेकिन अब इसे दो दिन और आगे बढ़ा दिया गया है। सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से प्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश जारी किए गए हैं, जिसमें 2 जनवरी तक परीक्षा आवेदन में त्रुटि सुधार के लिए समय सीमा बढ़ा दी गई है।

निर्देश में यह भी जानकारी दी गई है कि संबंधित प्राचार्य के अनुमोदन के साथ ही प्रति विषय में 500 रुपए प्रत्येक छात्र से शुल्क लिया जाएगा। इस बार शिक्षा विभाग ने क्रिसमस के बाद वर्ष के अंतिम दिन तक अवकाश को खत्म कर अब आज से शीतकालीन अवकाश स्कूलों में लग गया है। 31 दिसंबर को रविवार होने से सोमवार से गुरुवार तक सरकारी स्कूलों में छुट्टियां रहेंगी, यानि यह सप्ताह स्कूलों में छुट्टियों जैसा रहेगा।

### ऑफिस कार्य सुचारू रहने पर संशय

स्कूलों में शीतकालीन अवकाश के दौरान प्राचार्य व अन्य स्टाफ छुट्टी पर रहेगा या फिर ऑफिस के कार्य सुचारू संचालित होंगे, इस पर अभी संशय की स्थिति बनी हुई है। हालांकि जिला शिक्षा विभाग भोपाल से मार्गदर्शन लेने के बाद आज शाम तक सभी प्राचार्य को ऑफिस कार्य के निर्देश से अवगत कराने की मशक्कत करेगा। सबसे ज्यादा दिक्कत तो बोर्ड परीक्षा आवेदन में त्रुटि सुधार वाले छात्रों को रहेगी। इसके लिए प्राचार्य व स्टाफ को छुट्टियों के दिन में भी स्कूल जाना होगा, तभी आवेदन पर हस्ताक्षर हो पाएंगे।

बोर्ड परीक्षाओं के आवेदन जमा करते समय विद्यार्थी या स्कूल से विषय, जन्म दिनांक, या नाम में कोई गलती होती है तो इसमें परीक्षा से पहले सुधार के लिए मौका दिया जाता है। इसे ही त्रुटि सुधार कहा जाता है। यह सुधार होने के बाद विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी विषय और अन्य दिक्कत न हो, इसके लिए त्रुटि सुधार का समय अतिरिक्त रखा गया है।

### भोपाल से अयोध्या धाम तक सीधी फ्लाइट शुरू करने की मांग

**भोपाल।** सहकारिता तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखकर भोपाल से अयोध्या धाम तक सीधी फ्लाइट शुरू करने की मांग की है। सारंग ने पत्र में लिखा है कि 22 जनवरी को अयोध्या धाम में राम जन्मभूमि पर नव निर्मित रामलला के भव्य मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है। हवाई जहाज से जाने वाले यात्रियों के लिए भोपाल के राजा भोज विमान तल से अयोध्या धाम के महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय विमान तल तक सीधी फ्लाइट शुरू किये जाने से प्रदेश के दर्शनार्थी को सुविधा होगी और दर्शनार्थी एक ही दिन में रामलला के दर्शन कर भोपाल वापस आ सकेंगे।

स्पेशल खबर | विकसित भारत संकल्प यात्रा ....

# कृष्णा गौर ने किया पूर्वांचल फेस-1 में शिविर का शुभारंभ



भोपाल (काप्र)।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत वार्ड 60 एवं वार्ड 14 में शिविरों का आयोजन किया गया। पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक कल्याण मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने वार्ड 60 के पूर्वांचल फेस-1 बी.डी.ए रोड पर आयोजित शिविर का शुभारंभ किया एवं पी.एम. स्वनिधि योजना व आयुष्मान भारत के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।**

वार्ड 14 के कांगेस नगर काजी कैम्प में आयोजित शिविर में जोन अध्यक्ष एवं स्थानीय पार्षद श्रीमती शीबा मसूद ने शपथ दिलाई। उक्त शिविरों में बड़ी संख्या में हितग्राहियों व नागरिकों ने विभिन्न योजनाओं व हितलाभ हेतु दिए गए आवेदनों आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की, योजनाओं के लाभ हेतु नये आवेदन भी किए। शिविरों में अपर आयुक्त रणबीर सिंह, स्थानीय पार्षद बी.शक्तिराव सहित अन्य पार्षदगण व जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन व नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे। श्रीमती गौर ने किया और नागरिकों का आव्हान किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी की गाड़ी आपके पास पहुंच रही है। इसके माध्यम से आप योजनाओं के संबंध में जानकारियां प्राप्त करें और अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाएं। श्रीमती गौर ने इस अवसर पर अनेक हितग्राहियों को हितलाभी भी वितरित किए। शिविर में आत्म निर्भर भारत की शपथ भी दिलाई गई।

इसके अतिरिक्त जोन क्र. 05 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने योजनाओं की जानकारी प्राप्त की, नये आवेदन भी किए तथा स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया। उक्त शिविरों में जोन क्र. 05 के अध्यक्ष एवं वार्ड 14 की पार्षद श्रीमती शीबा मसूद ने आत्म निर्भर भारत की शपथ भी दिलाई। नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत सोमवार 01 जनवरी 2024 को जोन 15 के अंतर्गत वार्ड 64 में हथाईखेड़ा पठार शासकीय स्कूल परिसर में एवं जोन 05 के अंतर्गत वार्ड 08 एवं 09 के लिए वार्ड 09 के पुतली घर स्थित वार्ड कार्यालय परिसर में शिविरों का आयोजन किया जायेगा।